बाम भाग सोभति अनुकूला । आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला ॥
आदिसक्ति जेहिं जग उपजाया । सोउ अवतरिहि मोरि यह माया ॥
।। मानस राधाष्टक । रामकथा 925 - बरसाना, वृंदावन । मोरारी बापू ।।

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 102 | इंदौर, बुधवार 18 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## गरबा पंडाल में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक

### उज्जैन में लगाया पोस्टर; आधार कार्ड चेक कर रहे, तिलक लगाने वाले को ही एंट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन के एक गरबा पंडाल में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। आयोजकों ने बाकायदा इसके पोस्टर्स लगाए हैं। लिखा है- गैर हिंदुओं का गरबा पंडाल में प्रवेश वर्जित है। पंडाल में आधार कार्ड चेक कर माथे पर तिलक लगाकर एंट्री दी जा रही है। उज्जैन शहर के नानाखेड़ा मैदान में सेवा ही संकल्प संस्कृति संस्था गरबा का आयोजन करा रहा है। सिर्फ पोस्टर्स ही नहीं, गरबे के मंच से भी पोस्टर लेकर इस बात का संदेश दिया जा रहा है कि गैर हिंदू गरबे में न आएं। सेवा ही संकल्प संस्कृति संस्था 5 साल से गरबा आयोजन करा रही है। पिछले साल के आयोजनों में भी गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी।

### जाति का नहीं, लव जिहाद फैलाने वालों का विरोध

संस्थान के अध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि हम किसी जाति का विरोध नहीं कर रहे। माता की आराधना और गरबा पंडाल में लव जिहाद और वैमनस्य फैलाने वालों को प्रवेश नहीं मिले, इसके लिए टीम लगा रखी है। टीम में 10 से ज्यादा लोग हैं।

## गेट लगते ही लबालब हुआ बैराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** शहर में कुंदा नदी पर बने बैराज के गेट लगने के बाद पूरा बैराज पानी से लबालब हो गया है। बैराज के लबालब होते ही दोनों लिंक रोड की सुंदरता और बढ़ गई है। इस सुंदरता को और बढ़ाने के लिए नगर पालिका ने मंगलवार को नदी में 2 फव्वारे लगाए हैं।

नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया कि नदी में पर्याप्त पानी होने के साथ ही शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नदी में दो फव्वारे लगाए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत फिलहाल शहर में सुंदरता का कार्य जारी है। इसी के तहत नपा द्वारा नदी में फव्वारे लगाए गए हैं। आकर्षक लाइटिंग के साथ यह फव्वारे शहर की सुंदरता को और बढ़ाने का काम करेंगे। कुंदा नदी पर बने नए पुल से गुजरने वालों को यह फव्वारे अपनी और आकर्षित करेंगे। स्वास्थ्य अधिकारी चित्ते ने बताया कि इसके साथ ही नदी की सफाई के लिए नाव भी कुंदा नदी में उतारी गई है। इसके माध्यम से बैराज में स्टोरेज पानी में जमा होने वाली गंदगी को भी साफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैराज के सभी गेट बंद होने से शहरी क्षेत्र के भूमिगत जल स्तर में भी बढ़ोतरी होगी और वाटर लेवल बढ़ेगा।

## टिकट वितरण से नाखुश कांग्रेसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह।** हाल ही में कांग्रेस ने जारी की 144 उम्मीदवारों की सूची में बड़वाह विधानसभा से पूर्व सांसद ताराचंद पटेल के भतीजे नरेंद्र पटेल को प्रलोक प्रत्याशी बनाया है। पटेल को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकतार्ओं में हर्ष का माहौल है, तो कहीं नाराजगी भी है। टिकट वितरण से नाखुश कांग्रेस के ही सक्रिय नेता त्रिलोक राठौर ने कांग्रेस छोड़कर बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने इंदौर पहुंचकर बसपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बसपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पार्टी की तन-मन-धन से सेवा की। लेकिन इसके मुझे बहुत ज्यादा मान-सम्मान मिला। इसके कारण मुझे बगावत करना पड़ी। इसके साथ ही पूरी संभावना जताई जा रही है की त्रिलोक राठौर इस बार बसपा के टिकट से विधानसभा चुनाव की रणभूमि में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को चुनौती दे सकते है।

### विधानसभा चुनाव 2023 - उल्टी गिनती शुरू ...

# भाजपा-कांग्रेस में अभी भी टिकटों की माथापच्ची

## भाजपा के 96 तो कांग्रेस के 86 उम्मीदवारों की आएगी सूची

@ DGR विशेष

*इंदौर। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। मतदान को अब केवल 30 दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस सहित उन राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने तो अपना चुनावी मैदान संभालते हुए जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है, लेकिन सबसे अधिक फजीहत उन दावेदारों की हो रही है, जिनके नामों की घोषणा अब तक नहीं हुई है, जबकि ठीक एक माह बाद यानि 17 नवंबर को मतदान होना है। दरअसल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अब तक अपने 136 और कांग्रेस ने 144 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। माना जा रहा है कि बुधवार की शाम तक भाजपा के बचे 94 और कांग्रेस के बचे 86 उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। ऐसी भी आशंका है कि नामांकन के अंतिम दिन तक दोनों पार्टियां कुछ टिकट होल्ड कर सकती है।*

### मतदान में अब केवल 30 दिन शेष




### आज शाम तक उम्मीद

भाजपा में बचे हुए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन के लिए आज दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बड़ी बैठक हो रही है। इस बैठक में मध्यप्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता भी मौजूद रहेंगे। ऐसे में चर्चा है कि भाजपा हाईकमान आज शाम तक मध्यप्रदेश की बची विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा सकता है। प्रदेश में अब विधानसभा चुनाव में एक महीने से भी कम का समय बचा है। प्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव होंगे और 3 दिसंबर को चुनाव नतीजे आएंगे।

### 25 मंत्री, तीन केंद्रीय मंत्री सहित 7 सांसद मैदान में

हम बता दें कि प्रदेश में भाजपा ने इस बार अपने तीन केंद्रीय मंत्री समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत 25 मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि आठ मंत्रियों के टिकट होल्ड पर रख दिए हैं। भाजपा ने अभी तक 57 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसी तरह से कांग्रेस ने अपने मौजूदा 96 विधायकों में से 69 विधायकों को टिकट दिया है। जबकि खराब परफारमेंस और विश्वासनीयता के संकट के चलते दर्जनभर विधायकों के टिकट काटे जाने की आशंका है।

### कांग्रेस में जमकर हो रहा विरोध, अंतिम सूची का इंतजार

कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों को जब प्रत्याशी बनाया तो अनेक जगहों पर उनका विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है कि कांग्रेस के अनेक नेताओं को उम्मीद है कि इस बार कांग्रेस सत्ता में आएगी। इसलिए पार्टी से अनेक नेताओं ने अपनी दावेदारी जताई और जिन्हें टिकट नहीं मिला वे विरोधी बन गए। ऐसे में अब अंतिम सूची जारी करने में कांग्रेस के दिग्गज सोच में हैं कि किसे टिकट दें या किसे नहीं। हालांकि कांग्रेस भी गुरुवार शाम तक प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है।

विधानसभा चुनाव की सख्ती

# एयरपोर्ट पर हर यात्री की जानकारी लेने के लिए तैनात हुई आयकर विभाग की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में चुनावों के ऐलान के साथ ही घोषित हुई आचार संहिता को देखते हुए आयकर विभाग की टीम ने प्रदेश के विमानतलों पर डेरा डाल दिया है। आयकर विभाग की टीम यहां से जाने और आने वाले हर यात्री और सामान की जानकारी ले रहे हैं। इनका फोकस ज्यादा मात्रा में नगदी और सोने जैसी कीमती चीजों पर है।**

चुनावों के दौरान काले धन का दुरुपयोग चुनाव लडने से लेकर मतदाताओं को लुभाने तक के लिए किया जाता है। चुनाव आयोग प्रत्याशी के लिए खर्च की सीमा तय करता है, लेकिन असल में इससे कहीं ज्यादा खर्च किया जाता है। अकसर यह राशि एक से दूसरे शहर आती और जाती है। इस पर ही नजर रखने के लिए आयकर विभाग ने एयरपोर्ट पर विशेष जांच शुरू की है। इसके लिए अधिकारियों का एक दल एयरपोर्ट पर पूरे समय तैनात किया गया है। विमानतल से मिली जानकारी के मुताबिक आयकर अधिकारियों ने यात्रियों और सामान की जांच करने वाले सभी सीआईएसएफ और एयर लाइंस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्री के पास या उसके सामान से ज्यादा कैश मिलता है तो तुरंत इसकी सूचना आयकर अधिकारियों को दें।

### 10 लाख से ज्यादा कैश तो देना होगा हिसाब

अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार यात्री अपने साथ कितना भी कैश या सोना ले जा सकता है। लेकिन अगर कैश 10 लाख से ज्यादा है या सोने की कीमत इससे ज्यादा है तो यात्री को इसका पूरा हिसाब और बिल देना होगा। 10 लाख से कम राशि में इसकी जरुरत नहीं है। हालांकि अधिकारी संदेह होने पर कम राशि होने पर भी पूछताछ कर सकते हैं।

### चार्टर्ड उड़ानों पर विशेष नजर

अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट नियमित उड़ानों से से जाने वाले सभी यात्रियों की जांच तो सिस्टम के तहत होती ही है, वहीं जो यात्री नियमित उड़ान से भोपाल-इंदौर आ रहा है, वह भी जहां से सवार हुआ है वहां भी उसकी जांच हो चुकी होती है। इसलिए इन यात्रियों के पास ज्यादा कैश पर नजर रखने से ज्यादा ध्यान विशेष चार्टर्ड उड़ानों से जाने और आने वाले यात्रियों पर रखा जा रहा है। हालांकि उड़ान से पहले ऐसे यात्रियों के सामान की भी जांच की व्यवस्था होती है।

# एक दिवसीय गरबे में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम रोड स्थित सुखदेव विहार कॉलोनी में रहवासियों द्वारा मां दुर्गा की आराधना के लिए एक दिवसीय गरबे का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कॉलोनी के रहवासी हरीश भावसार ने बताया कि श्रीमती ममता जैन और मनीषा सोनी के संयोजन में कॉलोनी के रहवासियों ने गरबे की प्रस्तुति दी। इस दौरान अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प भी लिया। आयोजन में गोपाल सोनी, एडवोकेट विजय जैन, सुरेंद्र अजमेरा, लोकेश जैन, हेमंत जैन, श्रीमती सपना भावसार, पूजा बंसल, श्वेता बंसल, रेखा जैन, मिथिला गहलोत, अविना जैन, रुपाली जैन सहित अन्य रहवासी महिला-पुरुष एवं बालिकाएं मौजूद थी।

## पं.रामचंद्र दुबे सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गरिमामय कार्यक्रम में समाजसेवी पं. रामचंद्र दुबे को शाल श्रीफल के साथ सम्मानित किया। आयोजन कान्यकुब्ज पत्रिका, कानपुर ने किया था। राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक वाजपेयी मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता आई आई एम सी के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय दिवेदि थे। इस मौके पर पं मुकेश दुबे और पं, हरे राम वाजपेयी का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में कोलकाता के साहित्य कार डॉ.प्रेम शंकर त्रिपाठी, डॉ. वंदना पाठक, डॉ, उमेश पालीवाल, डॉ.शैलजा शुक्ला भी सम्मानित हुई।

# बंगाली समाज का शारदोत्सव आज से

◆ अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बना प्रवेश द्वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बंगाली समाज शारदीय नवरात्र महोत्सव कल से श्रध्दा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। कालीबाड़ी रोड नौलखा स्थित बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव के दौरान आनंद मेला भी लगेगा।**

श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा 2023 के अध्यक्ष जयंतनाथ चौधरी, सचिव रवि नंदी ने बताया कि यह 95वां शारदोत्सव है। उत्सव की शुरूआत बुधवार को दो दिवसीय आंनद मेले से होगी। पूजा का कार्यक्रम शुक्रवार से होगा। दुर्गा पूजा के साथ स्कूली बच्चों के लिए रोजाना सुबह विभिन्न स्पधाएं होंगी। रात्रि को गीत-संगीत और नाटक के कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के लिए बंगाल से कई कलाकार आएंगे। प्रवेश द्वार स्वामी नारायण मन्दिर (अक्षरधाम) की तर्ज पर बनाया गया है, जबकि परिसर में सुंदर पंडाल बनकर तैयार है। दुर्गा पूजा के मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को सुबह 8 बजे षष्टी बिहित पूजा से होगी। सुबह 10 बजे इंटर स्कूल ड्राइंग प्रतियोगिता होगी। शाम को समाजसेवी विष्णु बिंदल विशाल देवी दुर्गा मूर्ति का अनावरण करेंगे। रात्रि 9 बजे से बंगाली गीतों का कार्यक्रम होगा। इसे कोलकाता की गायिका मधुपर्णा गांगुली और गायक कौस्तुभ सरकार प्रस्तुत करेंगे।

# चंद्रभागा पुल से कलाल कुई मस्जिद रोड तक गड्ढे और ड्रेनेज की गंदगी से लोग परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सड़क के गहने और रोड पर हो रही ड्रेनेज की गंदगी से चंद्रभागा पुल के आगे कलाल कुई मस्जिद मार्ग के रहवासी परेशान है। इनके साथ ही वाहन चालक भी बार-बार लगने वाले जाम में फंसने के साथ ही कई दिक्कते अलग झेलते हैं। इतना ही नहीं नवरात्र चल रहे और रोड पर शीतला माता मंदिर के सामने ड्रेनेज का पानी बह रहा है। इसको लेकर शिकायत क्षेत्रीय पार्षद सहित नगर निगम के अफसरों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।**

शहर में जिधर जाओ उधर सड़के खुदी पड़ी है। चाहे वह मुख्य मार्ग हो या फिर कॉलोनी मोहल्लों की सड़कें , कहीं पर ड्रेनेज की पाइप लाइन डालने को लेकर रोड को खोदा गया और कही पर नर्मदा व स्टॉर्म वाटर लाइन डालने को लेकर खुदाई की गई है। इसके साथ ही बरसात के चलते सड़कों पर हुए गड्ढों को भरने की सुध भी निगम ने नहीं ली है। शहर की सड़कों पर पाइप लाइन डालने और बरसात की बजह से हुए गर्यो के कारण रहवासी व राहगीर दोनों ही परेशान हैं, क्योंकि इन गड्ढों की वजह से बार-बार जाम लगता और संतुलन न बनने पर बाइक चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार अलग ही रहे हैं। इतना ही नहीं नवरात्र चल रहे और रोड पर शीतला माता मंदिर के सामने ड्रेनेज का पानी यह रहा है। इस कारण मंदिर के सामने गंदगी हो रही और लोगों को मंदिर जाने में भी दिक्कत हो रही है। रहवासियों का कहना है कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिम्मेदारों का घेराव किया जाएगा।

### रोड को बनाने के लिए नहीं मिला ठेकेदार

इधर, लंबे समय से बदहाल पड़ी चंद्रभागा पुल के आगे कलाल कुई मस्जिद रोड को बनाने का मुहूर्त निगम ने निकाला और तीन बार टेंडर जारी किए, लेकिन इस रोड को बनाने के लिए ठेकेदार नहीं मिला। चौथी बार टेंडर करने पर एक ठेकेदार आया पर 20 प्रतिशत अधिक का टेंडर डालने पर निगम ने ना मंजूर कर दिया। इस कारण रोड नहीं बन पा रहा और रहवासी सहित राहगीर दोनों मुसीबत झेल रहे हैं, क्योंकि सड़क गावेदार हो रही और ड्रेनज लाइन चोक होने से गंदा पानी रोड पर बह रहा है। इस कारण रहवासी बहुत परेशान हो गए हैं।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# संपत्ति विरूपण हटाने के लिये इंदौर में 22 टीमों का गठन

◆ प्रत्येक झोन पर एक-एक टीम तथा 3 अतिरिक्त टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर शहर में संपत्ति विरूपण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी हैं। इंदौर शहर में विधानसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता एवं मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम का प्रभावी पालन कराया जा रहा है। इसके तहत कार्रवाई के लिये 22 टीमों का गठन किया गया है। इनमें प्रत्येक झोन पर एक-एक टीम तथा तीन अतिरिक्त टीम गठित की गई है। इनके द्वारा अभी तक 21 शासकीय स्थान, 8232 पब्लिक प्रापर्टी पर तथा 286 प्रायवेट प्रापर्टी पर संपत्ति विरूपण हटाने की कार्रवाई की गई।**

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु इंदौर नगर निगम के शहरीय क्षेत्र के अंतर्गत रिमूव्हल विभाग में पदस्थ कर्मचारियो द्वारा तथा प्रत्येक झोन क्षेत्र के झोनल अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी के माध्यम से सम्पति विरूपण हटाने की कार्रवाई मध्यप्रदेश सम्पति विरूपण अधिनियम 1994 एवं आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों के तहत की जा रही है। नगर निगम द्वारा गठित दल अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशन तथा नियंत्रण में कार्य कर रहे है। नगर निगम के सभी 19 झोनल कार्यालयों में सहायक राजस्व अधिकारी तथा सुपरवाईजर के निर्देशन में 19 झोनल टीम बनायी गई है। 3 अतिरिक्त टीम रखी गई है। इस प्रकार कुल 22 टीम का गठन किया गया है। रिमूव्हल टीम में 140 कर्मचारी पदस्थ है। कार्रवाई के लिये प्रत्येक टीम को डम्पर तथा रिमूव्हल संसाधन उपलब्ध कराये गये है। उक्त टीमों द्वारा अपने-अपने आवंटित झोन/क्षेत्र में संपति विरूपण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। बताया गया कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही इन टीमों द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। इन टीमों द्वारा अभी तक 21 शासकीय संपतियों और 599 पब्लिक प्रापर्टी से दीवार लेखन मिटाया गया। साथ ही 3707 स्थानो से पोस्टर, 3490 स्थानो से बैनर, अन्य 437 स्थानो पर संपति विरूपण हटाने की कार्रवाई भी की गई।

# कई वार्ड मुस्लिम बहुल हैं, लेकिन चार विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पिछले चार बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से महेंद्र हार्डिया मैदान में उतरे और हर बार जीत हासिल की। इस विधानसभा में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता हैं, जिससे मुकाबला कांटे का रहता है। कई बार हार-जीत का अंतर काफी कम रहा है। 2023 के चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।**

2018 का विधानसभा चुनाव में मुकाबला कड़ा रहा। महज 1,133 मतों से भाजपा यह सीट जीत पाई थी। 13 उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा के महेंद्र हार्डिया को 117,836 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल के खाते में 116,703 वोट गए थे। तीसरे नंबर पर बसपा के उम्मीदवार डोंगर सिंह गोयल रहे, जिन्हें 1,422 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों को एक हजार से भी कम वोट मिले। इंदौर-5 सीट पर कुल 3,74,032 मतदाता थे, जिसमें पुरुष मतदाता 1,93,949 और महिला मतदाता 1,80,068 थीं। इस विधानसभा क्षेत्र के कई वार्ड मुस्लिम बहुल हैं, लेकिन चार विधानसभा चुनावों में भाजपा जीती है। विधानसभा में काफी स्लम एरिया होने के साथ ही बायपास, एमआइजी क्षेत्र की कुछ पॉश कॉलोनियां और पलासिया क्षेत्र की कई कॉलोनियां भी आती हैं। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या काफी अधिक होने के कारण कई बार दोनों ही पार्टियों के राजनीतिक समीकरण इस क्षेत्र में बिगड़ जाते हैं। इस क्षेत्र में प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर है, जहां दर्शन करने के लिए लोग बड़ी संख्या में आते हैं। 1977 में यह सीट कांग्रेस के सुरेश सेठ के पास थी। वे 1977 और 1980 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने तो 1985 में निर्दलीय चुने गए। 1990 में कांग्रेस ने अशोक शुक्ला की जीत के साथ फिर से वापसी की, लेकिन 1993 में बीजेपी के भंवर सिंह शेखावत ने कांग्रेस के अशोक शुक्ला को हराकर यह सीट जीत ली। 1998 में कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल ने भंवर सिंह शेखावत को हराकर यह सीट फिर से कांग्रेस की झोली में डाल दी। 2003 के चुनाव में भाजपा ने महेंद्र हार्डिया को टिकट दिया और सत्यनारायण पटेल को बड़े मतों के अंतर से हराकर इस सीट को भाजपा की झोली में डाल दिया। फिर तब से यह सीट लगातार भाजपा के पास ही बनी हुई है।

**इंदौर-5 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र**

| | |
|---|---|
| 1977 | सुरेश सेठ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980 | सुरेश सेठ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1985 | सुरेश सेठ स्वतंत्र |
| 1990 | अशोक शुक्ला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1993 | भंवर सिंह शेखावत भाजपा |
| 1998 | सत्यनारायण पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2003 | महेंद्र हार्डिया भाजपा |
| 2008 | महेंद्र हार्डिया भाजपा |
| 2013 | महेंद्र हार्डिया भाजपा |
| 2018 | महेंद्र हार्डिया भाजपा |

## वाहनों की चैकिंग का संयुक्त अभियान-35 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**इंदौर**। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान मोटरयान अधिनियम का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसके तहत मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन संबंधित वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया गया। तेजाजी नगर चौराहा पर चले संयुक्त चेकिंग अभियान में वाहन चालको को आचार संहिता के विषय में जागरूक किया गया। साथ ही बिना नंबर प्लेट, हूटर लगाने वाले, अनाधिकृत पोस्टर लगाने वाले एवं मोटर यान अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले 35 वाहनो पर चालानी कार्रवाई की गई।

## चोरी की बिजली से झूले चलाने पर कार्रवाई

**इन्दौर**। नवरात्रि में बिजासन माता मंदिर में एयरपोर्ट रोड से टेकरी तक मेले लगा रहता है, टेकरी के नीचे खाली मैदान में झूले और अन्य दुकान लगी हुई है। इन दुकानों में बिजली के लिए कुछ ही लोगों ने बिजली की अनुमति ली है, जिन्होने अनुमति नहीं ली है उन पर पुलिस ने कार्रवाई की। एरोड्रम थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक भंवरलाल सेरोके ने बताया कि जब वे एयरपोर्ट के सामने खाली जमीन पर पहुंचे तो वहां पांच बड़े झूले लगे हुए थे। कुछ लोग इन झूलों में झूल रहे थे। यह झूले बिजली से चल रहे थे और झूला संचालकों ने झूला बिजली से चलाने की अनुमति नहीं ली थी। वहीं सुरक्षा के कोई उपाय भी झूला संचालकों ने नहीं किए थे। पुलिस ने झूला संचालक अरविन्द पिता राममूरत चौहान निवासी गीता नगर और लखन पिता ओमप्रकाश ठुमाने निवासी नयाबसेरा पर धारा 144 के उल्लंघन की कार्रवाई की।

## कैंसर पीड़ित परिवारो के बच्चों के लिए सहयोग राशि भेंट की

**इंदौर**। कैंसर पीड़ित सेवा संस्था द्वारा स्टार ग्रुप महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आशा दिलीप सी. जैन के नेतृत्व मे विगत कई वर्षों से कैंसर पीड़ितों की सेवा में रत रमेश दोशी को आर्थिक रूप से कमजोर कैंसर पीड़ितों के अस्पताल आने व जाने तथा उनके बच्चों की स्कुल की फीस भरने,व राशन हेतु प्रति माह अनुसार सहयोग राशि भेंट की गई । इस अवसर पर दीपादर्डा,नीलम सिंगि,विजिया जैन ,त्रिलोक चन्द बोथरा,अशोक पाटनी, दिलीप वोरा व योगेन्द्र सांड उपस्थित थे ।

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी

**इंदौर**। जिले में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में विगत दो दिनों में सीआरपीसी की धारा 107-116 के तहत 52 प्रकरण दर्ज कर 59 आरोपियों के विरूद्ध दो प्रकरणों में चार आरोपियों को बॉण्ड ओवर किया गया। इसी तरह सीआरपीसी की धारा 110 के अंतर्गत 13 प्रकरणों में 13 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये। इसी तरह सीआरपीसी की धारा 151 के तहत 19 प्रकरणों में 19 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये गये।

**.... पार्किंग समस्या के निराकरण हेतु इन्दौर अभिभाषक संघ कमेटी का गठन**

# होप टेक्सटाइल्स की भूमि जिला न्यायालय की पार्किंग हेतु प्राप्त होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिला न्यायालय परिसर इन्दौर की पार्किंग समस्या के निराकरण हेतु होप टेक्सटाइल्स की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि उपलब्ध करवाने के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ- इन्दौर में विचाराधीन रिट पिटिशन में अंतरिम अर्जी लगाई थी।**

इन्दौर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया और सचिव घनश्याम गुप्ता ने बताया है कि जिला न्यायालय परिसर इन्दौर में व्याप्त वाहन पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए इन्दौर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के कार्यकारिणी मण्डल की सहमति से इन्दौर अभिभाषक संघ की ओर से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ-इन्दौर में विचाराधीन रिट पिटिशन (होप टेक्सटाइल्स लिमिटेड और अन्य विरूद्ध प्रिंसिपल सेक्रेटरी मध्यप्रदेश शासन और अन्य ) में एक अर्जी लगाकर माननीय उच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि जिला न्यायालय परिसर,इन्दौर से लगी हुई होप टेक्सटाइल्स की रिक्त पड़ी हुई शासकीय भूमि जिला न्यायालय परिसर ,इन्दौर में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था हेतु उपलब्ध करवाई जाये।मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इन्दौर खंडपीठ में न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला जी के न्यायालय में इस मामले की सुनवाई हो रही थी।

दिनांक 17/10/2023 को इन्दौर अभिभाषक संघ की ओर से लोकेश मेहता एडवोकेट उपस्थित हुए थे। आज इन्दौर अभिभाषक संघ की ओर से गोपाल कचोलिया, घनश्याम गुप्ता, संदीप शर्मा, रत्नेश पाल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला के न्यायालय में उपस्थित हुए थे।

उच्च न्यायालय ने आज अर्जी का निराकरण करते हुए होप टेक्सटाइल्स की जमीन जिला न्यायालय में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग हेतु अस्थाई रूप से उपलब्ध करवाने के लिए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय एक कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

# जातिगत समीकरण के चक्कर में रुकी इंदौर तीन और महू सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कांग्रेस ने पहली सूची में इंदौर जिले की छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए है। पहली सूची में महू और तीन नंबर सीट पर भी उम्मीदवार घोषित हो जाते है, लेकिन यहां जातिगत समीकरणों के कारण मामला अटक गया। कांग्रेस एक नंबर विधानसभा क्षेत्र से संजय शुक्ला को टिकट दे चुकी है। वे ब्राम्हण समाज से आते है। इसके अलावा तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र के दावेदार पिंटू जोशी और अश्विन जोशी भी ब्राम्हण समाज से आते है। वही महू से दावेदारी कर रहे रामकिशोर शुक्ला भी ब्राम्हण समाज से है। वे भाजपा छोड़कर कांग्रेस इसी शर्त पर आए है कि उन्हें टिकट मिल सके। अब कांग्रेस यदि दोनो विधानसभा क्षेत्रों से ब्राम्हण समाज के दावेदारों को टिकट दे देती तो दूसरे समाजों को साधना मुश्किल होगा, इसलिए अब नए सिरे से दोनो सीटों पर मंथन हो रहा है।



### जैन और वैश्य समाज के दावेदार भी बना रहे दबाव

तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र में 20 सालों से जोशी परिवार को ही कांग्रेस टिकट देती आ रही है। दिग्विजय सिंह ने पिछले चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी को इस बात के लिए राजी कर लिया था कि इस बार अश्विन जोशी को टिकट दिया जा रहा है और अगले चुनाव में पिंटू जोशी को उम्मीदवार बनाएंगे। इस वादे पर पिंटू सालभर से क्षेत्र में सक्रिय है। अब अरविंद बागड़ी ने दावेदारी जताकर खेल बिगाड़ दिया। अभी तक हुए टिकटों में कांग्रेस ने जिले में एक भी वैश्य समाज के नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया है। बागड़ी की तरफ से समाज भी कांग्रेस संगठन पर दबाव बना रहा है। उधर पांच नंबर विधानसभा सीट से सत्यनारायण पटेल का नाम लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन उस सीट पर वैश्य समाज के स्वप्निल कोठारी भी दावेदारी कर रहे है,इसलिए इस सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हो पाई।

### महू से दरबार या शुक्ला में एक को मिल सकता है टिकट

महू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की तरफ से अंतर सिंह दरबार फिर दावेदारी कर रहे है,हालांकि वे लगतार तीन चुनाव हार चुके है, इसलिए उनका दावा इस बार कमजोर पड़ रहा है। इस क्षेत्र से रामकिशोर शुक्ला भी टिकट की दौड़ में बने है। दोनों दावेदारों में से किसी एक को कांग्रेस टिकट दे सकती है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिये महिलाएं उत्साह से आ रही हैं आगे

**इंदौर**। इंदौर जिले में मतदाताओं को मताधिकार के लिये जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाएं बड़ी संख्या में आगे आकर उत्साह और उमंग से मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। इसका एक उदाहरण जिले के ग्राम कम्पेल में दिखाई दिया जब लगभग 300 महिलाओं ने एकत्रित होकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिये प्रेरित किया। उनसे कहा कि वे निर्भिक होकर आगामी 17 नवम्बर को मतदान जरूर करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मतदाताओं को दबाव, प्रभाव से मुक्त मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये स्वीप अन्तर्गत प्रचार माध्यमों से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। वर्तमान विधानसभा निर्वाचन के लिये स्वीप अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थाओं, महिलाओं एवं पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता का अभियान संचालित किया जा रहा है। जनपद पंचायत इन्दौर के ग्राम कम्पेल में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला मतदाताओं की जागरूकता के लिये महिला मतदाता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय नारायण गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें स्व-सहायता समूह की 300 से अधिक महिला सदस्य उपस्थित हुई।

## देवराज शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम

इंदौर। देवराज मगन किराड़े ने मध्य प्रदेश में राज्य स्तरीय स्कूल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भोपाल में आयोजित दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय के छात्र देवराज मगन किराड़े ने शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । प्राचार्य श्रीमती सुनीता शर्मा, मार्गदर्शक शिक्षिका सौ. अर्चना अखिलेश तिवारी एवं समस्त विद्यालय परिवार की और से छात्र को बधाई दी गई एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की गई । पूरे स्कूल में उनकी इस सफलता से उत्साह का माहौल है।

# आप की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंची पुलिस

### ◆ अनुमति नहीं मिलने से आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। मंगलवार को छतरपुर के एक होटल में चल रही आम आदमी पार्टी की पत्रकारवार्ता में अफरा-तफरी में मच गई। यहां अचानक पहुंची प्रशासन की एफएसटी टीम ने पत्रकार वार्ता कर रहे आप नेताओं से अनुमति मांगी। उनके पास अनुमति नहीं होने के कारण आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया गया।**

इस पत्रकार वार्ता में छतरपुर के आप प्रत्याशी भागीरथ पटेल सहित पंजाब के आप विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और सरवन सिंह सहित पंजाब से आए आप कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। कार्रवाई से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए आप विधायक कुलवंत सिंह रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक ईमानदार नेता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में काम करने वाली पार्टी है। जिसमें पूरे देश को ईमानदार और सेवाभावी राजनीति का मॉडल दिया है।

उन्होंने कहा कि मप्र भी भाजपा और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों वाली सरकारों को देख चुका है। यहां की जनता आम आदमी पार्टी को उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। आम आदमी पार्टी ने जिस तरह दिल्ली और पंजाब में जनता को सर्विस गारंटी दी है। उसी तरह मप्र में भी अनेक गारंटियों का ऐलान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को अपना आशीर्वाद दें। इस पत्रकार वार्ता के दौरान आप प्रत्याशी भागीरथ पटेल ने भी अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं।

पत्रकार वार्ता खत्म होते ही यहां प्रशासन की एफएसटी की टीम पहुंच गई और फिर बगैर अनुमति के प्रेस कान्फ्रेंस कर रहे आप नेताओं पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। एफएसटी टीम की ओर से केशवनारायण राजौरिया ने बताया कि आप नेता बगैर अनुमति के यह पत्रकार वार्ता कर रहे थे, इसलिए सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

### कांग्रेस प्रत्याशी चरण सिंह पर भी केस दर्ज

बिजावर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए चरण सिंह यादव पर भी आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। चरण सिंह पर आरोप हैं कि उन्होंने क्षेत्र के शाहगढ़ इलाके में बगैर अनुमति के भण्डारे का आयोजन कर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड की सूचना पर उक्त मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा उम्मीदवार डॉ.यादव के लिए राशन बांटना पड़ा महंगा

### कांग्रेस की शिकायत पर भाजपा पार्षद और पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। विधानसभा क्षेत्र क्रं-217 उज्जैन-दक्षिण के आरओ धीरेंद्र पाराशर ने वार्ड क्रं. 53 की भाजपा पार्षद निर्मला परमार और उनके पति करण परमार द्वारा वार्ड में खाद्य सामग्री के पैकेट का वितरण किये जाने पर उपरोक्त कृत्य को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में पाये जाने पर उनके विरूद्ध आरपी एक्ट-1951 की सुसंगत धारा तथा आईपीसी की धारा-171 के सुसंगत उपखण्डों एवं धारा-188 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश एआरओ व एफएसटी दल प्रभारी विधानसभा क्षेत्र उज्जैन-दक्षिण अनिल मोरे को दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने सोमवार रात वीडियो-फोटो जारी कर उज्जैन दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी डॉ.मोहन यादव के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाकर चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। कांग्रेस नेता अजित सिंह ने आरोप लगाया कि मंत्री यादव के समर्थक ने वार्ड 45 और 53 में घरों पर जाकर राशन सामग्री और घड़ी बांटी। भाजपा की पार्षद निर्मला करण परमार के जरिए खाने-पीने की सामग्री के साथ अन्य उपहार घरों तक पहुंचाए गए हैं। इसका एक वीडियो भी अजित सिंह ने जारी किया है।

### ◆ कांग्रेस में बगावत के सूर

# विधायक कांतिलाल व बेटे डॉ. विक्रांत भूरिया का पुतला फुंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

झाबुआ। विधानसभा 2023 के चुनाव में कांग्रेस द्वारा अपनी पहली सूची जारी करने के बाद से ही कांग्रेस मे बगावत के सूर दिखाई देने लग चुके थे। वही जहा एक ओर पार्टी आलाकमान ने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में झाबुआ सीट से डॉ विका्रंत भूरिया को टिकट देकर दावेदार मनाया है वही दूसरी ओर पूर्व विधायक जेवियर मेडा इस बात से खासा नाराज दिखाई दिये है।

मंगलवार को पूर्व विधायक जेवियर मेडा के समर्थको के द्वारा उनके निवास स्थान के बाहर विधानसभा चुनाव मे झाबुआ से डॉ विका्रंत भूरिया को टिकट मिलने पर नाराजगी जताई साथ ही डॉ विका्रंत भूरिया एवं विधायक कांतिलाल भूरिया का पुतला भी जलाया गया। वही जेवियर मेडा के समर्थको मे इसका काफी विरोध प्रदर्शन भी किया। समर्थको का कहना था कि जब देखो परिवारवाद किया जा रहा है। पहले भी इस तरह की हरकत हो चुकी है। वही उपचूनाव मे कमलनाथ ने जेवियर मेडा को टिकट देने का वादा भी किया गया था जिसको लेकर समर्थको ने इसे वादाखिलाफी बताया है। समर्थको का यह भी कहना है कि हमारे नेता जेवियर मेडा का तो टिकट भी फायनल हो चुका था लेकिन बाद मे उनका नाम काट दिया गया। वही समर्थको की यह मांग रही कि कांग्रेस का उम्मीदवार बदला जाये और जेवियर मेडा का फिर से टिकट दिया जाये। नही तो कांग्रेस झाबुआ सीट हार जायेगी। जेवियर मेडा के समर्थको मे खासा नाराजगी भी दिखाई दि है। अब देखना यह है कि क्या कांग्रेस आलाकमान का एक बार फिर से विचार विमर्श कर अपने फैसले को बदलती है या फिर उनके द्वारा जो निर्णय लिया है उस पर सटीक रहती है। क्योकि समर्थको ने इस विरोध के बाद यह दशार्या है कि कही ना कही जेवियर मेडा निर्दलीय चुनाव लड सकते है।

# नगर के 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिरों में की जाएगी पूजा अर्चना

### माता महामाया, महालया को मदिरा का भोग लगाकर होगी शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर 22 अक्टूबर को नगर की सुख समृद्धि के लिए शासकीय पूजा होगी। चौबीस खंबा स्थित माता महामाया, महालया को मदिरा का भोग लगाकर नगर पूजा की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद शासकीय अधिकारी व कोटवारों का दल ढोल ढमाकों के साथ नगर के 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए रवाना होगा। पुजारियों के अनुसार चुनाव आचार संहिता के कारण मदिरा प्रसाद के वितरण पर रोक हो सकती है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार धर्मधानी उज्जैन में शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर नगर पूजा की परंपरा करीब ढाई हजार साल से चली आ रही है। मान्यता है उज्जैन के राजा सम्राट विक्रमादित्य अपने राज्य व नगर में खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए महाअष्टमी पर नगर पूजा करवाते थे।

कालांतर में भी यह परंपरा जारी रही और अब शासन द्वारा यह पूजा करवाई जाती है। महाष्टमी पर सुबह 8 बजे पदेन कलेक्टर गुदरी चौराहा के समीप स्थित चौबीस खंबा माता मंदिर पहुंचते है तथा माता महामाया व महालया की पूजा अर्चना कर मदिरा का भोग लगाते हैं। इसके बाद शासकीय कर्मचारियों का दल अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए रवाना होता है। रास्ते भर मदिरा की धार लगाई जाती है। साथ ही भजिए पूरी, गेहूं व चने की घुघरी (भीगे अंकुरित गेहूं चने) अर्पित की जाएगी। मान्यता है इससे अतृप्त आत्माओं को तृप्ति मिलती है।

### रोज लग रहा मदिरा का भोग

शारदीय नवरात्र में माता महामाया व महालया को भक्त मदिरा का भोग लगा रहे हैं। पुजारी भक्तों द्वारा लाई गई मदिरा का भोग देवी को लगाते हैं।

# 17 लाख से अधिक की विस्फोटक सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा सभी थाना एवं चौकियों को अवैध मादक पदार्थ शराब एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं की धर पकड हेतु निर्देशित किया गया था। इस तारतम्य में पुलिस चौकी पिटोल के चौकी प्रभारी पल्लवी भाबर नें नाकाबंदी के दौरान अपनी टीम के साथ एक वाहन क्रमांक एम.पी. 45 एल ए 1189 रोककर चैक किया तो उसमें विस्फोटक सामाग्री (फटाखे) भरे मिले जिसके चालक से परिवहन सम्बंधित लायसेंस एवं माल रखने के सम्बध में अनुज्ञप्ति पुछते नही होने पर करीब 12,35,880 रुपये के विस्फोटक सामाग्री को एवं एक वाहन टाटा एस क्रमांक एम.पी. 45 एल ए 1189 किमती 5,00,000 रुपये की जप्त कि गई । इस प्रकार कुल 17,35,880 रुपये के सामाग्री जप्त कि गई है।

### बीएमडब्ल्यू कार जलकर खाक

**उज्जैन**। शहर के फीगंज क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बीएमडब्ल्यू कार जलकर खाक हो गई। आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना मंगलवार की है। शहर के माधव नगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज स्थित एके बिल्डिंग के पास सुनील कोटवानी रहते हैं। जिस समय उनकी कार में आग लगी, तब वे और परिवार के लोग सो रहे थे। बाद में जब देखा तो सूचना फायर ब्रिगेड को दी। लपटें बिल्डिंग की बालकनी तक पहुंच गईं। इस वजह से घर को भी नुकसान पहुंचा है। कार की कीमत 20 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है।

### सरपंच से 25 हजार की घूस लेते हुए रोजगार सहायक गिरफ्तार

**नरसिंहपुर**। नरसिंहपुर के साईंखेड़ा में एक रोजगार सहायक को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। रोजगार सहायक ने सरपंच से पंचायत का काम कराने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। इससे परेशान होकर सरपंच ने जबलपुर लोकायुक्त में इसकी सबूत सहित शिकायत की। लोकायुक्त की अधिकारी सुलेखा प्रमाण के अनुसार शिकायत के बाद लोकायुक्त ने इसकी पुष्टि की और जांच में रिश्वत की बात सच होने पर लोकायुक्त ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए रोजगार सहायक को जनपद कार्यालय में रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया। जैसे ही यह कार्रवाई हुई कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

# एमपी -राजस्थान के कमिश्नर-आईजी और 9 जिला अधिकारियों का मंथन

### चेक पोस्ट पर गाड़ी छोड़ी तो तैनात कर्मचारी पर कारवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर**। विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए अंतर राज्य सीमा से लगे सभी संभागों के कमिश्नर, आईजी जिलों के कलेक्टर एवं एसपी के साथ एक संयुक्त बैठक नीमच के गांधी सागर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी ने आपस में सुझाव प्रदान करते हुए निर्णय लिए की अंतर राज्य सीमा से लगे नाके एवं चौक पोस्ट को आपस में मर्ज करना चाहिए। जिससे दोनों जिलों के पुलिस जवानों की कम से कम संख्या में अधिक नाकाबंदी होगी। इसके साथ ही अगर किसी नाके पर कोई गाड़ी पकड़ी जाती है। उसमें यह तय करें कि पिछले वाले नाके ने उसे गाड़ी को क्यों नहीं पकड़ा। नहीं पकड़ने पर उक्त नाके वाले पर तैनात पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अंतर राज्य सीमा से लगे सभी जिले के अधिकारियों ने सहमति देते हुए आपस में मिलकर संयुक्त कार्रवाई करने, आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ काम कर धरपकड़ की जाए व इसकी सूचना भी एक दूसरे को पहले से होनी चाहिए। शराब मूवमेंट पर ज्यादा फोकस करने व उसको ट्रैक करने नाकों पर एसएसटी द्वारा लगातार कार्रवाई करने पर भी बात की गई। वहीं नाकों पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रतिदिन शराब सेल आउट की जानकारी साझा करने की रणनीति तय की गई। अधिकारियों ने कहा कि सांप्रदायिक स्थिति को प्रभावित करने के लिए भी लोगों के द्वारा मूवमेंट किया जाता है। उन पर कड़ी निगरानी रखें। 10 नवंबर से शराब सेल की हर दिन की निगरानी हो। जिसमें आबकारी अधिकारी स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन भी करें। मतदान से 48 घंटे पूर्व बॉर्डर पूरी तरह सील कर दी जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई शुरू की जाए। 17 नंबर को मध्यप्रदेश और 25 नवम्बर हो होने वाले चुनाव को लेकर दोनों राज्यों के चेक पोस्ट पर शक्ति रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उदयपुर, कोटा, बांसवाड़ा एवं उज्जैन संभाग के कमिश्नर एवं आईजी, रतलाम, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, कोटा एवं झालावाड़ के कलेक्टर और एसपी मौजूद थे।

New Delhi

# दिल्ली-NCR में बारिश से लुढ़का पारा, अब हवाएं बढ़ाएंगी ठंड; गर्म कपड़े खरीदते दिखे लोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बारिश के साथ ठंडी हवा के बीच पारा लुढ़कने से दिल्ली-एनसीआर ने मंगलवार को दिनभर सर्दी महसूस हुई। यह इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 5.4 एमएम बारिश दर्ज हुई। वहीं दिनभर उत्तरी दिशाओं से ठंडी हवा चलने से दिन का तापमान सामान्य से सात डिग्री नीचे गिर गया। करीब आठ किमी प्रति घंटे की गति से हल्की ठंडी हवा से अधिकतम तापमान इस सीजन में पहली बार 26.2 डिग्री सेल्यिस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बुधवार से अधिकतम तापमान में कुछ बढ़त होगी। हवा की दिशा भी बदलकर उत्तर से उत्तर-पश्चिम होगी। पहाड़ों से दिल्ली-एनसीआर में पहुंचने वाली हवा न्यूनतम तापमान में भी कमी लाएगी। वहीं बुधवार को इस



सीजन में दिल्ली में पहली बार धुंध भी देखने को मिल सकती है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से सात डिग्री कम है। इसकी बड़ी वजह बारिश और ठंडी हवा बनी। वहीं न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसमी बदलाव के कारण सोमवार को दिन में हल्की ठंड महसूस हुई, वहीं मंगलवार को दिन भर ठंड महसूस हुई। मंगलवार को बारिश के कारण सात डिग्री तक पारा नीचे खिसकने से इस सीजन में पहली पर दिन में भी ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार को पहाड़ों की बर्फबारी का असर दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिला। बुधवार से दिल्ली-एनसीआर में पहुंचने वाली हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी होगी। पर्वती क्षेत्र से आने वाली हवा से तापमान में और भी गिरावट आने का अंदेशा है।

Uttarpradesh

## फेस्टिव सीजन में लगा चूना, ऑनलाइन शापिंग से लैपटॉप मंगाया; पैकिंग से निकला मार्बल का टुकड़ा

**बस्ती, (एजेंसी)** फेस्टीव सीजन में डिस्काउंट के उत्साह के साथ 76914 रुपए के लैपटॉप की ऑनलाइन शापिंग करने वाले एक ग्राहक के तब होश उड़ गए जब उन्हें डिलीवरी पैकिंग में मार्बल का टुकड़ा मिला। गनीमत यह थी कि ग्राहक ने पैकेट खोलने का वीडियो बनाया था और यह सारा वाकया सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया था। अब वीडियो को सबूत के तौर पर रखते हुए वह ऑनलाइन शापिंग कंपनी के कस्टमर केयर से लगातार संपर्क कर अपने लैपटॉप की मांग कर रहे हैं लेकिन फिलहाल उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला है।

मामला, यूपी के बस्ती जिले के कलवारी रोड स्थित महरीपुर गांव का है। गांव के मनोज सिंह के मुताबिक उनके बेटे ने एक प्रमुख ऑनलाइन कंपनी के महासेल में लैपटॉप बुक किया था। महासेल में अच्छा-खासा डिस्काउंट मिला। इससे मनोज और पूरा परिवार खुश था। डिलीवरी, एक प्रमुख कंपनी के डिलीवरी ब्वाय ने की। कीमती समान की स्थिति कैसी है यह सोचकर वीडियो रिकॉर्ड करते हुए बाक्स को खोला गया।

Rajasthan

## रामगढ़ शेखावाटी में बंद मकान से दस लाख नगद, लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी

**सीकर, (एजेंसी)** सीकर के रामगढ़ शेखावाटी कस्बा के वार्ड संख्या 17 बिसायतियान मोहल्ला निवासी महबूब बिसायती का मकान पिछले चार रोज से बंद था। मंगलवार सुबह उनके घर के सामने के रहने वाले परिवार को एक थैले में महबूब का पासपोर्ट आदि पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना महबूब के मकान के पास ही रहने वाले परिवारजन को दी। जिसके बाद घर की छानबीन की गई तो अंदर के एक कमरे में रखी अलमारी के लॉकर आदि खुले हुए मिले।

आनन-फानन में उक्त घटना की जानकारी महबूब को दी गई। जिस पर महबूब व उसकी पत्नी शमीम बानो जब घर पर पहुंचे तो उन्हें अलमारी के लॉकर में रखे दस लाख नकद और सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। इस पूरे मामले के बाद तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

Bihar

## बिहार में 3 दिन कोहरे का अलर्ट, 20 अक्टूबर से बढ़ेगी ठंड; आज इन जिलों में बारिश के आसार

**पटना, (एजेंसी)** बिहार से औपचारिक तौर पर मॉनसून की विदाई हो चुकी है। अब राज्य में ठंड की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने जा रही है। इसका असर सुबह और शाम में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने राज्य भर में तीन दिन कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया है। इससे रात और सुबह के वक्त वाहनचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सीमांचल और पूर्वी बिहार में एक-दो जगहों पर बुधवार को छिटपुट बारिश भी हो सकती है। फिलहाल आंधी-तूफान और तेज बारिश की आशंका न के बराबर है। वहीं, राज्य में 20 अक्टूबर से तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

सूबे के अधिकतर जिलों में सुबह हल्का कोहरा छाने की संभावना है। बीते 24 घंटे के भीतर हुई बारिश से यह स्थिति बनी है। कोहरे की वजह से सुबह के समय तीन दिन (शुक्रवार तक) विजिबिलिटी कम रहने के आसा हैं। उत्तर बिहार के जिलों में कोहरे का असर ज्यादा रहेगा। शुक्रवार से अधिकतर जिलों के न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जाएगी। इससे रातें और ठंडी होने वाली हैं।

खेल

# नीदरलैंड ने वर्ल्ड कप 2023 में किया बड़ा उलटफेर

### साउथ अफ्रीका को हराकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में एक और बड़ा उलफेर देखने को मिला है। नीदरलैंड ने मंगलवार को धर्मशाला के मैदान पर साउथ अफ्रीका को 38 रन से रौंद डाला। बारिश के कारण मैच 43-43 ओवर का कर दिया गया था। नीदरलैंड ने 246 रन का लक्ष्य रखा और साउथ अफ्रीका 42.5 में 207 रन बनाकर ढेर हो गई। नीदरलैंड की वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के सामने यह पहली जीत है। नीदरलैंड ने इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप 2022 में साउथ अफ्रीका को 13 रन से हराया। बता दें कि नीदरलैंड से पहले मौजूदा टूर्नामेंट में अफगानिस्तान ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हराकर उलटफेर किया था।



लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। बतौर ओपनर उतरे कप्तान टेम्बा बावुमा (16) और क्विंटन डिकॉक (20) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। रासी वैन डेर डुसेन (4) और एडेन मार्कराम (1) दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। साउथ अफ्रीका की खस्ता हालत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसके 4 विकेट सिर्फ 44 रन जोड़कर आउट हो गए। हेनरिक क्लासेन (28) और डेविड मिलर (43) ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। क्लासेन 19वें ओवर में आउट हुए। मार्को जेनसन (9) 25वें और मिलर 31वें ओवर में पवेलियन लौटे। कगिसो रबाडा ने 9 और गेराल्ड कोएत्जी ने 22 रन का योगदान दिया। केशव महाराज (40) और लुंगी एनगिडी (नाबाद 7) ने 41 रन की पार्टनरशिप की। महाराज अंतिम प्लेयर के रूप में आउट हुए। नीदरलैंड के लिए लोगान वैन बीक ने तीन जबकि रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन और बास डी लीडे ने दो-दो शिकार किए। एकरमैन को एक विकेट मिला।

वहीं, नीदरलैंड ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 43 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 245 रन जुटाए। नीदरलैंड के लिए सर्वाधिक रन कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने बनाए। उन्होंने 69 गेंदों में 10 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 78 रन की पारी खेली। रूलोफ वैन डेर मेरवे ने 29 और आर्यन दत्त ने नाबाद 23 रन बनाए। एडवर्ड्स ने रूलोफ के साथ आठवें विकेट के लिए 64 और आर्यन के संग पांचवें विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी की। एक समय नीदरलैंड टीम 112 रन पर 6 विकेट गंवाकर जूझ रही थी लेकिन एडवर्ड्स ने हिम्मत नहीं रही। ओपनर विक्रमजीत सिंह ने 2 और मैक्स ओडॉउड ने 18 रन बनाए।

सिनेमा

## उर्फी जावेद की गर्दन में आई मोच! लोगों को लगा ये नया आउटफिट है...



उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन फैंस के लिए अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ की झलकियां शेयर करती रहती हैं। उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह गले में नेक सपोर्ट पहने नजर आ रही हैं। उर्फी जावेद पहली फोटो में नेक सपोर्ट पहनकर आराम करती दिख रही हैं और इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- जिसे भी मेरी वूडू डॉल मिली है, यार गर्दन नहीं मरोड़नी थी। बता दें कि उर्फी की गर्दन में मोच आई है जिसकी तस्वीरें उन्होंने शेयर की हैं।

उर्फी जावेद ने इस फोटो को शेयर करने के कुछ देर बार गाड़ी में बैठे हुए अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में भी उन्होंने नेक सपोर्ट पहना हुआ है लेकिन कैप्शन में उन्होंने जो लिखा वो पिछली तस्वीर पर आए लोगों के रिएक्शन का हिस्सा है। एक्ट्रेस ने बताया, 'मजेदार बात यह है कि लोगों को लग रहा है यह मेरे आउटफिट का हिस्सा है।' उर्फी ने कैप्शन के साथ हंसने वाला इमोजी बनाया है।

उर्फी जावेद आम जिंदगी की चीजों को इस्तेमाल करके आउटफिट डिजाइन कर देती हैं और वह अपने अतरंगी आउटफिट के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह से लेकर बिजनेसमैन राज कुंद्रा तक कभी न कभी उर्फी जावेद का नाम ले चुके हैं और एक्ट्रेस ने भी एक बार रणवीर के लिए यह कहकर सुर्खियां बटोरी थीं कि अगर उन्हें कभी दूसरी शादी करने का मन करे तो वह पूरी तरह तैयार हैं।

## संपादकीय

# कुपोषण से बचाव की चिंता

इसमें दो राय नहीं कि अतिरिक्त पोषण से युक्त चावल आम लोगों को देने के पीछे सरकार का मकसद एक बड़े तबके के बीच पसरी कुपोषण की समस्या को दूर करना रहा है। इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए अलग-अलग स्तर पर उठाए गए कदमों में से यह भी एक है। लेकिन अगर इस तरह के चावल को लेकर विशेषज्ञों की ओर से कोई आशंका जताई गई है तो उस पर भी विचार किया जाना चाहिए। सरकार का उद्देश्य विकास की राह में कुपोषण की बाधा को दूर करना और आम लोगों की सेहत में सुधार करना है। मगर इस चावल को लेकर कुछ चिंताएं उभरी हैं और कुछ स्थितियों में इससे नुकसान होने की आशंका जाहिर की गई है। इसी मसले पर दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार को खाद्य सुरक्षा और मानक खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण कानून के तहत उठाए गए सभी कदमों के बारे में अवगत कराने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि अतिरिक्त पोषणयुक्त चावल की थैलियों पर अंकित की गई जानकारियों में यह सलाह भी दी जानी चाहिए कि यह 'सिकल सेल रक्ताल्पता' और थैलेसीमिया से पीडित लोगों के लिए हानिकारक है। गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े कानून के तहत सूक्ष्म पोषण वाले लौह-तत्त्व से भरपूर भोजन की हर थैली पर यह स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए कि थैलेसीमिया रोग से पीडित लोगों को चिकित्सीय देखरेख में रखा जा सकता है और सिकल सेल रक्ताल्पता का सामना कर रहे लोगों को लौह तत्त्व से युक्त फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों का सेवन न करने की सलाह दी जाती है। दरअसल, चावल, दूध और नमक जैसे रोजमर्रा के उपयोग वाले प्रमुख खाद्य पदार्थों के पोषण स्तर में सुधार करने के मकसद से इनमें रासायनिक या सिंथेटक विटामिनों, यानी लौह तत्त्व, आयोडीन, जिंक, विटामिन ए और विटामिन डी जैसे प्रमुख पोषक तत्त्वों और खनिजों को मिलाया जाता है। कुपोषण की व्यापक समस्या का सामना करने के मामले में इससे काफी मदद मिलने की संभावना जताई गई है। लेकिन याचिका में वैज्ञानिक सबूतों का हवाला देते हुए इस बात पर चिंता जाहिर की गई है कि कुछ चिकित्सीय स्थितियों से पीडित लोगों के लिए आयरन-फोर्टिफाइड चावल विपरीत असर करता है। इसलिए इस बारे में आम लोगों को स्पष्ट रूप से जानकारी दी जानी चाहिए और इस संबंध में कानूनी व्यवस्था भी यही है।

**अर्ज किया है..!**

*आगाह अपनी मौत से*
*कोई बशर नहीं*
*सामान सौ बरस का है*
*पल की ख़बर नहीं*

*-हैरत इलाहाबादी*

---

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**गणित ठीक से सीखा नहीं...**
**मगर इतना मालूम है कि**
**खुशियां बांटने से बढ़ाती हैं...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# अंतरिक्ष में मौजूद है लोहे और 'सोने' का बना अनोखा उल्कापिंड, नासा ने लॉन्च किया मिशन, जानें क्यों है खास



**केप केनावेरलः नासा के अंतरिक्ष यान को दुर्लभ धातु के आवरण वाले एक क्षुद्रग्रह की छह साल की यात्रा पर शुक्रवार को भेजा गया। अधिकांश क्षुद्रग्रह चट्टानी या बर्फीले होते हैं, लेकिन यह धातु की दुनिया की पहली खोज बताई जा रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह किसी प्रारंभिक ग्रह के 'कोर' (भीतरी हिस्से) के टूटे हुए अवशेष हो सकते हैं, और पृथ्वी और अन्य चट्टानी ग्रहों के दुर्गम केंद्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकते हैं। 'स्पेसएक्स' ने नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष यान को रवाना किया।**

इसका नाम उस क्षुद्रग्रह के नाम पर रखा गया है जिसका यह पीछा कर रहा है, 'साइके' (अंतरिक्ष यान) के 2029 में विशाल, आलू की आकृति जैसी इस वस्तु तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही। दशकों तक चट्टान, बर्फ और गैस की सुदूर दुनिया की यात्रा करने के बाद, नासा धातु के आवरण वाले इस तरह की वस्तु का अन्वेषण करने के लिए उत्साहित है। अब तक खोजे गए लगभग नौ धातु-समृद्ध क्षुद्रग्रहों में से, साइके सबसे बड़ा है, जो लाखों अन्य अंतरिक्ष चट्टानों के साथ मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट के बाहरी हिस्से में सूर्य की परिक्रमा करता है।

### ◆ धरती के केंद्र की मिलेगी जानकारी

इसकी खोज 1852 में की गई थी और इसका नाम ग्रीक पौराणिक कथाओं की आत्मा की देवी के नाम पर रखा गया था। एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रमुख वैज्ञानिक लिंडी एल्किंस-टैंटन ने कहा, 'हमारी पृथ्वी के धातु के कोर में जाना मनुष्य का लंबे समय से सपना रहा है।' उन्होंने कहा, 'वहां दबाव बहुत ज़्यादा है। तापमान बहुत अधिक है। प्रौद्योगिकी पहुंचाना असंभव है। लेकिन हमारे सौर मंडल में एक तरीका है जिससे हम धातु कोर को देख सकते हैं और वह है इस क्षुद्रग्रह पर जाकर।'

### ◆ कितना बड़ा है उल्कापिंड

खगोलविदों को रडार और अन्य अवलोकनों से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह बड़ा है - लगभग 144 मील (232 किलोमीटर) चौड़ा और 173 मील (280 किलोमीटर) लंबा। उनका मानना है कि यह लोहे, निकल और अन्य धातुओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, यह भी संभव है कि क्षुद्रग्रह के लोहे और निकल में थोड़ी मात्रा में सोना, चांदी, प्लेटिनम या इरिडियम घुले हों। अंतरिक्ष यान की इस यात्रा के दौरान एक प्रायोगिक संचार प्रणाली भी उसके साथ है, जो गहरे अंतरिक्ष से पृथ्वी तक डेटा के प्रवाह को विस्तारित करने के प्रयास में रेडियो तरंगों के बजाय लेजर का उपयोग करती है। अंतरिक्ष यान को एक साल पहले रवाना किये जाने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ प्रबंधकीय व तकनीकी कारणों से परीक्षण में देरी के कारण इसे रोक दिया गया था। इसलिए, मूल योजना के अनुसार 2026 में क्षुद्रग्रह पर पहुंचने के बजाय, अंतरिक्ष यान 2029 तक वहां पहुंचेगा।

## Highlights

1. Maha Speaker not doing job: CJI on MLAs' disqualification pleas
2. 5th 'Operation Ajay' flight with 286 passengers lands in Delhi
3. Poll-related seizures cross ₹100 crore in Telangana in 7 days
4. Union Minister, BJP MLA portray characters in Delhi's Ramlila
5. Absconding drug smuggler who ran cartel from Pune hospital held
6. Govt approves bonus for Group C, non-gazetted Group B employees before festive season

# 35 lakh weddings, ₹4.25 lakh crore: Upcoming wedding season set to witness staggering business, claims survey

**NEW DEIHI, (Agency).** The Confederation of All India Traders (CAIT) anticipates a staggering business turnover of ₹4.25 lakh crore within 23 days of this wedding season.

Between November 23 and December 15, approximately 3.5 million weddings are slated to take place, as per a survey conducted by CAIT Research & Trade Development Society. This grand celebration is expected to generate an impressive ₹4.25 trillion in purchases and services, as reported by Business Standard.

We're now on WhatsApp. Click to join.

Delhi alone is set to host over 3.5 lakh weddings during this season, contributing to an estimated business worth around ₹1 lakh crore in the city. Last year, during the same period, approximately 3.2 million



weddings occurred, with expenses tallying up to ₹3.75 lakh crore, according to B C Bhartia, National President of CAIT.

In these 23 days of wedding festivities, around 6 lakh weddings will have an estimated expenditure of ₹3 lakh per wedding, while approximately 10 lakh weddings will have costs of around ₹6 lakh per event.

A further 12 lakh weddings are projected to bear expenses of about ₹10 lakh per wedding, while 6 lakh weddings may witness a budget of ₹25 lakh per event. Additionally, 50,000 weddings are expected to have an expenditure of ₹50 lakh, and another 50,000 weddings will have budgets exceeding ₹1 crore.

According to the survey, popular wedding destinations in India encompass sought-after locations such as Goa, Jaipur, Kerala, and Shimla.

The prevailing wedding trends in India encompass destination weddings, themed weddings, and an increasing emphasis on eco-friendly celebrations.

# Centre approves ad-hoc bonuses for Group C, Group B rank govt employees. Check terms and conditions, eligibility norms

**NEW DEIHI, (Agency).** The Centre on Tuesday approved ad-hoc bonus for Group C and non-gazetted Group B rank central government officials, including paramilitary forces and armed forces.

In a notification, the ministry of finance stated,"The calculation ceiling for payment of ad-hoc bonus under these orders shall be



monthly emoluments of ₹7,000/-".

The Centre has laid down certain conditions for the disbursement of this bonus to the central government employees.

1. According to the ministry, only those employees who were in service as on March 31, 2023 and have rendered at least six months of continuous service in 2022-23 are eligible for payments. The pro-rata payment will be admissible to the eligible employees for period of continuous service during the year from six months to a full year, the eligibility period being taken in terms of number of months at service (rounded off to the nearest number of months).

2. The government has said that the quantum of non-productivity linked bonus will be worked out on the basis of average emoluments or calculation ceiling whichever is lower.

# मां ने लगाई फांसी, बेटे ने देखा तो परिवार को दी सूचना

## ◆ पहले पिता ने भी की थी खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बड़ी ग्वालटोली इलाके में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। देर शाम को बेटे ने मां को फंदे पर देखा। मां को एमवाय लेकर पहुंचा। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला निजी कंपनी में काम करती थी।**

पलासिया पुलिस के मुताबिक रूपाली (38) पति विजेन्द्र सिलावट को उसके परिवार के लोग मंगलवार देर शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। रूपाली के 16 साल के बेटे ने कमरे में फंदे पर लटकते हुए देखा। उसने तत्काल परिवार और पड़ोसियों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस के मुताबिक अभी कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नही मिला है।

परिवार के लोगों ने बताया कि रूपाली के पति विजेन्द्र की भी काफी साल पहले मौत हो गई थी। पारिवारिक विवाद के चलते सुसाइड कर लिया। रूपाली का बेटा पढ़ाई करता है। परिवार के मुताबिक बेटे से भी तनाव या अन्य मामले में बात की। उसके मुताबिक मां रूपाली ने कभी किसी बात को लेकर जिक्र नहीं किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एमबीए के छात्र की मौत

विजयनगर इलाके में रहने वाले एक एमबीए स्टूडेंट बाथरूम में गिरने से मौत हो गई। वह मंगलवार को कॉलेज पेपर देने जाने वाला था। सुबह जल्दबाजी में तैयार हो रहा था। इस दौरान गिर गया। परिवार के लोग उसे एमवाय अस्पताल लेकर यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक रितेश (24) पुत्र सुरेश कुशवाह निवासी जाग्रति नगर की गिरने से मौत हो गई। वह अपने घर की बाथरूम में फिसल गया। उसके सिर में चोट आई तो बहन ने एंबुलेंस को बुलाया। उसे उपचार के लिए तत्काल एमवाय अस्पताल ले गए। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रिश्तेदार ने बताया रितेश पेटीएम में जॉब करता था। इसके साथ ही वह श्री इंस्टीट्यूट कालेज से रूक्त्र फक्र्ट ईयर की पढ़ाई भी कर रहा था। मंगलवार को उसे पेपर देने जाना था। इसके लिये वह तैयार हो रहा था। रितेश के परिवार में उसकी एक बहन है वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि रितेश काफी होनहार था। अपने माता-पिता ओर बहन का पूरा ध्यान रखता था। पुलिस के मुताबिक सिर में अचानक लगी चोट से मौत होने की वजह सामने आ रही है।

# थानों में जमा होने लगे हथियार, आज आखिरी दिन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के मद्देनजर 18 अक्टूबर तक लाइसेंसधारियों को शस्त्र जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह संयोग ही है कि चुनाव तैयारियों के बीच त्यौहार शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में अब दशहरा और दीपोत्सव हैं। ऐसे में इस बार शस्त्र जमा कराने को लेकर कुछ लेतलाली है।

स्थिति यह है कि इंदौर में 12 हजार लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं। इनमें से अभी आधों ने अपने हथियार थानों में जमा कराए हैं। इसके पीछे कारण 24 अक्टूबर को विजया दशमी है और अधिकांश का मानना है कि जातिबोध कराने वाले उनकी शान (हथियार) का वे इसी दिन विधिवत पूजन करते हैं इसलिए छूट की अवधि बढ़ाई जाएं। दूसरी ओर प्रशासन इस मामले कोई राहत देना नहीं चाहता। ऐसे में संभव है कि बुधवार को अधिसंख्य हथियार जमा करा लिए जाएंगे।

दरअसल, इस बार कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने इस संबंध में 15 अक्टूबर को आदेश जारी किया था। उस दिन शनिवार था। इस बीच दो दिनों में 3 हजार लोगों ने विभिन्न थानों में हथियार जमा किए। सोमवार को जरूर इसे लेकर लोगों में सक्रियता रही। एडीएम सपना लोवंशी ने बताया कि शुरुआती दो दिन में जरूर कम लोगों ने हथियार जमा कराए लेकिन सोमवार व मंगलवार को गति अच्छी रही। अभी विभिन्न थानों ने इसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि 18 अक्टूबर तक हर हाल में अपने हथियार जमा करा दें।

उधर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांग की कि दशहरा राजपूत समाज का खास पर्व है।

# इवेंट मैनेजर को प्रॉपर्टी ब्रोकर ने ठगा

## ◆ 60 लाख के प्लॉट के बदले 5.76 लाख ठगे, क्रेडिट कार्ड से लोन भी ले लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके में रहने वाली एक इवेंट मैनेजर युवती के साथ प्रॉपर्टी ब्रोकर द्वारा ठगी और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ब्रोकर ने युवती से दोस्ती कर दो जगह प्लाट दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख रुपए से ज्यादा ठग लिए। इतना ही नहीं आरोपी ने युवती को होटल में बुलाकर संबंध बनाने का दबाव भी बनाया।**

पीड़िता ने लसूडिय़ा और एरोड्रम थाने में दो अलग-अलग शिकायतें भी की। लेकिन उसका आरोप है कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव के चलते पूरे मामले को दबा दिया। फिर तीन दिन पहले सीएम हेल्पलाइन पर भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने की शिकायत की है।

तलावली चांदा में रहने वाली युवती ने एअरपोर्ट रोड पर रहने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर गोल्डी राठौर के खिलाफ 7 सितंबर को प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर ठगी, छेड़छाड़ व पिता के साथ भी ठगी करने का शिकायती आवेदन लसूडिय़ा थाने में दिया था। लेकिन एक माह से ज्यादा समय होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।

### 9 सितंबर को एरोड्रम थाने में शिकायत

पीड़ित युवती ने 9 सितंबर को एक शिकायत एरोड्रम टीआई राजेश साहू के पास जाकर भी की। श्रीराम नगर कॉलोनी में प्लाट दिलाने के नाम पर जून 2023 में कुलदीप नाम के व्यक्ति से मिलवा कर करीब 2 लाख 60 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। मामले में पीड़िता को पता चला कि उक्त कॉलोनी को लेकर पहले ही फर्जीवाड़े में कार्रवाई हो चुकी है। आवेदन देने के एक माह बाद भी पुलिस ने संपर्क नहीं किया।

युवती के मुताबिक वह इवेंट मैनेजमेंट के काम से जुड़ी है। इसके साथ ही पार्लर का काम भी देखती है। आरोपी ने उसके घर गुंडे भेजे और शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाया। एरोड्रम इलाके में थाने में पहचान होने के साथ राजनीतिक लोगों के नाम की धमकी भी दी। इसके चलते पीड़िता पुलिस कार्रवाई को लेकर डरने लगी।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

डीसीपी आदित्य मिश्रा ने थानों में सुनवाई नहीं होने के चलते खुद से सीधा संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। पीडित्ता ने कई बार उस पर भी संपर्क किया। लेकिन अफसरों के व्यस्त होने के चलते डीसीपी से मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद पीडित्ता ने तीन दिन पहले सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है। जिसमें कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

# सराफा के व्यापारी से खरीदे थे सोने के बिस्किट

### मामला क्रिकेट मैच का सट्टा लगाने में पकड़े गए आरोपी का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत और श्रीलंका क्रिकेट मैच का सट्टा करने के मामले में सोमवार को द्वारकापुरी पुलिस ने चाय व्यापारी विशाल मित्तल निवासी सुदामा नगर को पकड़ा था। उसके पास से एक किलो 300 ग्राम सोने की बिस्किट और करीब 23 लाख रुपए बरामद हुए थे। मामले में पुलिस को आरोपी ने बताया कि उसने यह बिस्किट सराफा के व्यापारी से खरीदे थे। वहीं, जब्त राशि बुकियां की थी। चूंकि मामला अवैध रुप से खरीदे गए सोने का था, इसलिए डीआरआई को जांच सौंपी है। सूत्रों की मानें तो जिस सराफा व्यापारी से आरोपी ने सोना खरीदा था, उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस को यह बात गले नहीं उतर रही है कि आरोपी अपने घर में इतनी बड़ी राशि कैसे रख सकता है। यदि राशि बुकियों ने दी थी तो उसे बैंक में जमा करा सकता था या उसका अन्य उपयोग भी कर सकता है। पुलिस मामले में बुकियों का भी पता लगा रही है। आरोपी पिछले 10-12 साल से सट्टा करता था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।